(d) The property left by the late Nawab of Murshidabad vests in the official trustee by virtue of section (4) of Murshidabad Estate (Trust) Act, 1963.

गत तीन वर्षों म दूरदर्शन में नियुक्त किए गए प्रोडक्शन एसिस्टेंट और प्रोड्यूसरों की संख्या

519. **श्री नवाब सिंह चौहान:** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में दूरदर्शन में कितने प्रोडक्शन एसिस्टेंट और प्रोड्यूसर नियुक्त किये गये ;

(ख) उनमें से कितने आकाशवाणी, दूरदर्शन और सूचना और प्रसारण मंत्रालय से संबंधित हैं ;

(ग) उनकी नियुक्तियां किन केन्द्रों के लिए की गईं थीं और कितने व्यक्तियों को तबादले पर दिल्ली बुलाया गया; और

(घ) उनका दिल्ली में तबादला करने का क्या कारण है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी) : (क) प्रोडक्शन एसिस्टेंट—81

प्रोड्यूसर—73

(ख) इनमें से 8 प्रोडक्शन एसिस्टेंट और 5 प्रोड्यूसर आकाशवाणी, दूरदर्शन या सूचना और प्रसारण मंत्रालय में काम करने वाले व्यक्तियों के संबंधी थे।

(ग) सभी नियुक्तियां अमृतसर, दिल्ली कलकत्ता, कटक, बम्बई, हैदराबाद, लखनऊ, मद्रास और श्रीनगर के दूरदर्शन केन्द्रों के लिए की गई थीं। 5 प्रोडक्शन एसिस्टेंटों और 6 प्रोड्यूसरों को दिल्ली में स्थानान्तरित किया गया था। तथापि, उनमें से कोई भी उक्त (ख) में उल्लिखित व्यक्तियों में से नहीं है।

(घ) स्थानान्तरण या तो सेवा की आवश्यकताओं के हित में या वैयक्तिक प्रार्थनाओं को मंजूर करते हुए किए गये थे।

भाखड़ा बांध से दिल्ली के लिए बिजली की सप्लाई

520. **श्री दया राम शाक्य :** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में बिजली की कमी को ध्यान में रखते हुए दिल्ली प्रशासन ने भाखड़ा बांध से बिजली प्राप्त करने के लिए केन्द्रीय सरकार से अनुरोध किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार ने क्या निर्णय किया है ?

ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन) : (क) जी, हां।

(ख) काम चलाऊ व्यवस्था के अनुसार, दिल्ली विद्युत् प्रदाय संस्थान को सप्लाई पर निर्भर रहने वाले उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भाखड़ा व्यास प्रबन्ध बोर्ड दिन में दिल्ली विद्युत् प्रदाय संस्थान को बिजली सप्लाई करता है। दिल्ली विद्युत् प्रदाय संस्थान इस बिजली को रात में गैर व्यस्ततम समय के दौरान भाखड़ा व्यास प्रबन्ध बोर्ड को वापस देता है।

कम्बाइन हार्वेस्ट संबंधी विशेषज्ञ समिति का प्रतिवेदन

521. **श्री दया राम शाक्य :** क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या योजना आयोग ने कम्बाइन हार्वेस्ट संबंधी एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त की थीं ; और

(ख) यदि हां, तो समिति द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदन का विवरण क्या है ?